**समय 3 घंटे** **नमूने का प्रश्न पत्र** **कुल अंक 80**

**कक्षा दसवीं** **विषय – हिंदी** (द्वितीय भाषा) **(लिखित परीक्षा – 75 अंक)**

**(सुंदर लिखाई –5 अंक)**

**भाग (क)**

**प्रश्न** 1.(i) **निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें –** **4 x 1 = 4**

(i) महेश का सन्धि विच्छेद होगा

(क) महा+ईश (ख) महा+इश (ग) मह+एश (घ) महा+ऐश

(ii) देशप्रेम का समास होगा

(क) देश का प्रेम (ख) देश के लिए प्रेम (ग) देश में प्रेम (घ) देश की प्रेम

(iii) ऊँचा शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होती है?

(क) ऊची (ख) ऊचाइ (ग) ऊचे (घ) ऊँचाई

(iv) ईश्वर शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(क) जगदीश (ख) अंशु (ग) देव (घ) माहताब

**प्रश्न 1.(ii) –** (i) तुलसीदास जी किसके भक्त थे? **4 x 1 = 4**

(क) श्री कृष्ण जी के (ख) श्री राम जी के (ग) दोनों के (घ) दोनों में से किसी के नहीं

(ii) श्री कृष्ण जी ने कौन सा पर्वत धारण किया था?

(क) हिमालय पर्वत (ख) गोवर्धन पर्वत (ग) अरावली पर्वत (घ) इन में से कोई नहीं

(iii) वार्ड में कुल कितने बच्चे थे?

(क) दस (ख) बारह (ग) तेरह (घ) बीस

(iii) ममता से झोंपड़ी में किसने आश्रय माँगा?

(क) शेरशाह ने (ख) सैनिकों ने (ग) हुमायूँ ने (घ) मंत्री ने

**प्रश्न 1(iii)** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें- **4 x 1 = 4**

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
तात मात भ्रात बंधु, आपनो न कोई।
छांडि दई कुल की कानि, कहा करै कोई।

(i) पद्यांश में गिरधर किसको कहा गया है?

(क) श्री कृष्ण जी को (ख) श्री राम जी को (ग) तुलसीदास जी को (घ) रहीम जी को

(ii) उनके सिर पर कौन सा मुकुट है?

(क) मोर का (ख) मछली का (ग) हंस का (घ) मोती का

(iii) उपरोक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गइ हैं?

(क) दोहावली से (ख) पदावली से (ग) नीति के दोहे (घ) गाता खग



CS CamScanner

(iv) मात शब्द का क्या अर्थ होता है?

(क) बहन (ख) पिता (ग) माता (घ) भैया

**प्रश्न 1.**(iv) (i) कपटी मित्र किस मुहावरे का अर्थ होता है? **3 x 1 = 3**

(क) कफन सिर पर बाँधना (ख) घर सिर पर उठाना (ग) आस्तीन का साँप (घ) अँगूठा दिखाना

(ii) अपना उल्लू सीधा करना मुहावरे का क्या अर्थ होता है?

(क) बुरी तरह हराना (ख) घर सिर पर उठाना (ग) अपना मतलब निकालना (घ) थोड़ा सा सहारा

(iii) ऊँट किस करवट बैठता है लोकोक्ति का क्या अर्थ है?

(क) जान है तो जहान है (ख) अंत भले का भला (ग) नतीजा न जाने क्या होगा (घ) सेहत बड़ा धन है

**प्रश्न 1.(v) निम्नलिखित गदयाँश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें:–** **5 x 1 = 5**

मनोरंजन का जीवन मे विशेष महत्व है। दिन भर की दिनचर्या से थका–मांदा मनुष्य रात को आराम का साधन खोजता है। वह साधन है –मनोरंजन। मनोरंजन मानव–जीवन मे संजीवनी बूटी का काम करता है। यही आज के मानव के थके हारे शरीर को आराम की सुविधा प्रदान करता है। यदि आज के मानव के पास मनोरंजन के साधन न होते तो उसका जीवन नीरस बनकर रह जाता। यह नीरसता मानव जीवन को चक्की की तरह पीस डालती और मानव संघर्ष तथा परिश्रम करने के योग्य भी न रहता।

क) मनोरंजन क्या है?
ख) यदि मनुष्य के पास मनोरंजन के साधन न होते तो उसका जीवन कैसा होता?
ग) नीरस मानव जीवन का सबसे बडा नुकसान क्या होता है?
घ) 'दिनचर्या' और 'संघर्ष' शब्दों के अर्थ लिखें ।
ड) उचित शीर्षक दीजिये।

**प्रश्न 1.(vi)** (i) धर्म शब्द का विशेषण निर्माण ..................होगा। **6 x 1 = 6**

(ii) आदर शब्द का विलोम शब्द अनादर होगा। (सही/गलत)

(iii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें - जिसका पार न हो।

(iv) कुल-कूल का सही अर्थ वंश-नदी होता है। (सही/गलत)

(v) कर शब्द का अर्थ ..................होता है।

(vi) वह बुधवार के दिन आएगा। वाक्य को शुद्ध करें।

**प्रश्न 1.(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें -** **4 x 1 = 4**

(i) लेखिका ने प्रथम बार राजेन्द्र बाबू को कहाँ देखा था?

(ii) नीति विशारद अकबर मन बहलाने के लिए किस की तरफ देखता था?

(iii) बेला का मायका किस शहर में था?

(iv) सुमित्रा के पुत्र का क्या नाम था?

## भाग (ख)

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें -** **3 x 2 = 6**

(i) सरस्वती की परेशानी का क्या कारण था ?

(ii) ब्राहम्ण चूड़ामणि कैसे मारा गया?

(iii) स्वामी रामतीर्थ द्वारा फलों की टोकरी का मूल्य पूछने पर जापानी युवक ने क्या कहा?

(iv) विश्वासपात्र मित्र को खजाना, औषध और माता जैसा क्यों कहा गया है?



CS CamScanner

(v) दादा जी कर्मचन्द की किस बात से चिंतित हो उठते हैं?

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें –** **3 x 4 = 12**

(i) नर्स कहानी का उद्देश्य लिखें।

(ii) मनोहर सिँह का चरित्र-चित्रण करें।

(iii) सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण लेखक ने बताए हैं?

(iv) लाला लाजपत राय जी ने देश के लिए कौन सा महत्वपूर्ण कार्य किया?

(v) जयदेव ने तस्करों को कैसा पकड़ा?

## भाग (ग)

**प्रश्न 4.** पंजाबी गदयांश का अनुवाद हिंदी में करें – **4**

ਮੋਬਾਇਲ ਅੱਜ ਸਾਡੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦਾ ਇੱਕ ਅਹਿਮ ਹਿੱਸਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ। ਫਿਰ ਵੀ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਬੜੀ ਹੀ ਸਮਝਦਾਰੀ ਨਾਲ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕੇਵਲ ਬਹੁਤ ਜਰੂਰੀ ਹੋਣ ਤੇ ਹੀ ਮੋਬਾਇਲ ਫੋਨ ਦਾ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਘਰ ਵਿੱਚ ਲੈਂਡਲਾਈਨ ਟੇਲੀਫੋਨ ਨੂੰ ਹੀ ਪਹਿਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

## भाग (घ) **4**

**प्रश्न 5.** सरस्वती माडल सीनियर सेकंडरी स्कूल, राम नगर के प्रिंसीपल की ओर से सूचना-पट के लिए एक सूचना तैयार करें जिसमें वर्दी न पहनकर आने वाले विद्यार्थियों को अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो।

**अथवा**

आपका नाम नाम संदीप कुमार है। आप सरकारी हाई स्कूल पटियाला में पढ़ते है। आप अपने स्कूल के छात्र संघ के सचिव हैं। आपके स्कूल में 14 सितंबर 2022 को ट्रैफिक पुलिस अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के नियमों की जानकारी दी गई तथा इस सम्बन्धी पढ़ने के लिए सामग्री भी दी गई। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

## भाग (ड)

**प्रश्न 6.** अपनी गलती की क्षमा याचना के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखें। **7**

**अथवा**

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने क्षेत्र/मुहल्ले की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

**प्रश्न 7.** किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें- घर में सहयोग कैसे करें, मेरे जीवन का लक्ष्य, जनसंचार के माध्यम। **7**

## भाग (च)

**प्रश्न 8.** मान लीजिए आप का नाम मोहन शर्मा है। आप का इंडियन बैंक नाभा में एक बचत खाता है। आपका खाता नंवर 35402526 है। आपको इस खाते में से 5500 रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें- **5**

इंडियन बैंक , शाखा: नाभा

रुपये निकलवाने के लिए प्रपत्र  दिनांक ....................

बचत खाताधारक का नाम.......................................................................................

खाता संख्या..........................................................................................................

कृपया मुझे................ रुपये (अंकों में).........................................................रुपये (शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर



CamScanner

**अथवा**

मान लीजिए आप का नाम प्रकाश सिँह है। आप का भारतीय डाक के सेक्टर 15 चंडीगढ में एक बचत खाता है। आपका खाता नम्बर 344565 है। आपको इस खाते में 4000 रुपये निकलवाने है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

भारतीय डाक सेक्टर 15 चंडीगढ

रुपये निकलवाने के लिए प्रपत्र दिनांक ...................

बचत खाताधारक का नाम......................................................................................................

खाता संख्या...........................................................................................................................

कृपया मुझे.......................रुपये (अंकों में)..................................................रुपये (शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर



CamScanner